# ATOMIC ENERGY CENTRAL SCHOOL NO. 3

## RAWATBHATA

# CLASS 10 - HINDI A

## CONFIDENCE II

**Time Allowed: 3 hours** **Maximum Marks: 80**

**General Instructions:**

1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग, और घ।
2. सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

### Section A

1. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[10]**

किसी भी जीव के शरीर और मानस के सबसे ऊपर मस्तिष्क है। इस मस्तिष्क का स्वभाव कैसे तय होता है? बुद्धि में होने वाले विचार से तय होता है इसका मतलब यह है कि किसी भी व्यक्ति के वंशानुगत स्वभाव को उसकी बुद्धि, उसका विवेक बदल सकता है। इसका मतलब यह है कि हमारे बर्ताव, हमारे कर्म पर हमारा वश है चाहे दुनिया भर पर न भी हो। हम अपने स्वभाव को अपनी बुद्धि में बारीक बदलाव लाकर बदल सकते हैं इसके लिए मस्तिष्क की रूप रेखा पर एक नजर दौड़ानी होगी।
हमारे मस्तिष्क के दो विभिन्न अंश हैं: चेतन और अवचेतन। दोनों ही अलग-अलग प्रयोजनों के लिए जिम्मेदार हैं और दोनों के सीखने के तरीके भी अलग-अलग हैं। मस्तिष्क का चेतन भाग हमें विशिष्ट बनाता है, वही हमारी विशिष्टता है। इसकी वजह से एक व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति से अलग होता है। हमारा कुछ अलग-सा स्वभाव, हमारी कुछ अनोखी सृजनात्मक शक्ति । ये सब मस्तिष्क के इसी हिस्से से संचालित होती हैं, तय होती हैं। हर व्यक्ति की चेतन रचनात्मकता ही उसकी मनोकामना, उसकी इच्छा और महत्त्वाकांक्षा तय करती है।
इसके विपरीत मस्तिष्क का अवचेतन हिस्सा एक ताकतवर प्रतिश्रुति यंत्र जैसा ही है। यह अब तक के रिकॉर्ड किए हुए अनुभव दोहराता रहता है। इसमें रचनात्मकता नहीं होती। यह उन स्वचलित क्रियाओं और उस सहज स्वभाव को नियंत्रित करता है, जो दुहरा-दुहराकर, हमारी आदत का एक हिस्सा बन चुका है। यह जरूरी नहीं है कि अवचेतन दिमाग की आदतें और प्रतिक्रियाएँ हमारी मनोकामनाओं या हमारी पहचान पर आधारित हों । दिमाग का यह हिस्सा अपने जन्म के थोड़े पहले, माँ के पेट में ही सीखना शुरू कर देता है जैसे जीवन के चक्रव्यूह' में उतरने से पहले ही 'अभिमन्यु' पाठ सीखने लगा हो । यहाँ से लेकर सात साल की उम्र तक वे सारे कर्म और आचरण हमारे दिमाग का यह अवचेतन हिस्सा सीख लेता है जो भावी जीवन के लिए मूल आधार हैं।

i. हम अपने स्वभाव को कैसे परिवर्तित कर सकते हैं?
ii. हमारे मस्तिष्क के कौन-कौन से अंश होते हैं?
iii. मस्तिष्क के चेतन भाग का क्या कार्य है?
iv. अवचेतन मस्तिष्क से क्या अभिप्राय है?
v. लेखक अभिमन्यु के माध्यम से क्या प्रतिपादित करना चाहता है?
vi. उपरोक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखिए।

### Section B

2. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-** **[4]**

i. जिस भाषा में शकुंतला ने श्लोक रचा था वह अनपढ़ों की भाषा थी। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद/ उपवाक्य लिखिए।)
ii. मैंने अच्छा काम किया तो पिता जी बहुत प्रसन्न हो गए। (सरल वाक्य/संयुक्त वाक्य में बदलिए।)
iii. शोभा ने घर साफ करने के लिए छुट्टी ली। (संयुक्त वाक्य में बदलिए।)
iv. सुषमा पढ़ रही है इसलिए शोर मत करो। (रचना के आधार पर वाक्य-भेद/ उपवाक्य लिखिए।)

3. **निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तित कीजिए-** **[4]**

i. हिंदी के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया? (कर्तृवाच्य में)
ii. आज मिलकर कहीं चला जाए। (कर्तृवाच्य में)
iii. कृतिका देर तक नहीं सोती। (भाववाच्य में)
iv. अनेक पाठकों ने पुस्तक की सराहना की। (कर्मवाच्य में)

4. **निम्नलिखित रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए-** **[4]**

i. मैंने सोचा थोड़ी ज़मीन खरीद ली जाए।
ii. मुझे शांति से काम करने दो।
iii. जब जाड़ा आता है।
iv. वे एक काली कमली ऊपर से ओढ़ते थे।

5. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए-** **[4]**

I. 'वीभत्स' और 'वीर' रसों के स्थायी भाव लिखिए।
II. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों में निहित रसों के नाम लिखिए-

i. “लंका को मैं जला उजाडौँ उपवन धूल उड़ाऊँ।
रावण का वध करू तुरंत ही, तब हनुमंत कहाऊँ।।"

ii. “ईश तेरी रचना अगम अपार । बनाया अचरजमय संसार।
कोई धनहीन, कोई धनवान कोई अति मूढ़ कोई विद्वान।"
झूठ यह बल-पौरुष का खेल। सरसती तव माया की बेल।।"

## Section C

6. **निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़िए और नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **[6]**

हालदार साहब की आदत पड़ गई, हर बार कस्बे से गुजरते समय चौराहे पर रुकना, पान खाना और मूर्ति को ध्यान से देखना। एक बार जब कौतूहल दुर्दमनीय हो उठा तो पानवाले से ही पूछ लिया, क्यों भई! क्या बात है? यह तुम्हारे नेताजी का चश्मा हर बार बदल कैसे जाता है? पानवाले के खुद के मुँह में पान ठुँसा हुआ था। वह एक काला, मोटा और खुशमिजाज आदमी था। हालदार साहब का प्रश्न सुनकर वह आँखों-ही-आँखों में हँसा। उसकी तोंद थिरकी। पीछे घूमकर उसने दुकान के नीचे पान थूका और अपनी लाल-काली बत्तीसी दिखाकर बोला, कैप्टन चश्मेवाला करता है।

i. 'बत्तीसी दिखाना' से क्या अभिप्राय है?
ii. हालदार साहब ने पानवाले से क्या पूछा?
iii. हालदार साहब को कौन-सी आदत पड़ गई थी?

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[8]**

a) गर्मियों की उमस में भगत का आँगन शीतलता प्रदान करता था। कैसे?
b) नवाब साहब ने अपनी नवाबी का परिचय किस प्रकार दिया? 'लखनवी अंदाज़' पाठ के आधार पर लिखिए।
c) हिंदी की दुर्दशा पर फ़ादर बुल्के के हृदय से एक चीख सुनाई देती है और आश्चर्य भी। कैसे?
d) एक कहानी यह भी पाठ के आधार पर लेखिका की माँ के स्वभाव पर प्रकाश डालिए।
e) बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है ?

8. **निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़कर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** **[6]**

बिहँसि लखनु बोले मृदु बानी । अहो मुनीसु महाभट मानी ।।
पुनि-पुनि मोहि देखाव कुठारु। चहत उड़ावन फैंक पहारू॥

इहाँ कुम्हड़बतियाँ कोउ नाहीं । जे तरजनी देखि मरि जाहीं ।।
देखि कुठारु सरासन बाना। मैं कछु कहा सहित अभिमाना॥
भृगुसुत समुझि जनेउ बिलोकी। जो कुछ कहहु सह रिस रोकी ।।
सुर महिसुर हरिजन अरु गाई। हमरे कुल इन्ह पर न सुराई ।।
बधे पापु अपकीरति हारे । मारतहू पा परिअ तुम्हारे ।।
कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा। व्यर्थ धरहु धनु बान कुठारा ।।

i. काव्यांश में से कोई मुहावरा अथवा लोकोक्ति चुनकर उसके सौंदर्य पर टिप्पणी कीजिए।
ii. लक्ष्मण ने अपने कुल की किस परपंरा का उल्लेख किया है?
iii. किस कारण से लक्ष्मण क्रोध को रोककर परशुराम के कटु -वचनों को सहन कर रहे हैं ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही चार के उत्तर दीजिये: **[8]**

a) 'बाल कल्पना केसे पाले' पंक्ति का भाव सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए।
b) कवि ने 'फसल' के निर्माण में कृषक को अधिक महत्व दिया है, क्यों?
c) आपके अनुसार छाया मत छूना कविता किस पर आधारित है? सिद्ध् कीजिए।
d) 'कन्यादान' कविता की माँ परम्परागत माँ से कैसे भिन्न है?
e) मुख्य गायक और संगतकार की आवाज़ में क्या अंतर दिखाई पड़ती है?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर दीजिये: **[6]**

a) "जब ख़ाएगा बड़े-बड़े कौर तब पाएगा दुनिया में ठौर" पंक्ति के कथन का संदर्भ लिखकर बताइए कि "माता का आँचल पाठ में वर्णित माता अपने पुत्र को किस भाव से खिलाती थीं और इससे क्या शिक्षा ग्रहण करते हैं?
b) जार्ज पंचम की नाक पाठ को दृष्टि में रखकर बताइए कि लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि नई दिल्ली में सब था... सिर्फ नाक नहीं थी।
c) साना-साना हाथ जोड़ि में कहा गया है कि कटाओ पर किसी दुकान का न होना वरदान है, ऐसा क्यों? भारत के अन्य प्राकृतिक स्थानों को वरदान बनाने में नवयुवकों की क्या भूमिका हो सकती है? स्पष्ट कीजिए।

## Section D

11. **महानगरों में आवस की समस्या** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दो में निबंध लिखिए। **[10]**

- महानगरीय जीवन
- अभिशाप क्यों
- वरदान।

OR

**नेपाल-भारत की अभिन्नता** विषय पर दिए गये संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबंध लिखिए।

- भूमिका,
- भौगोलिक स्थितियाँ,
- पारम्परिक संबंध,
- संबंधों में ठहराव,
- पुनः प्रयास,
- सार्थक पहल,
- अच्छे संबंध अनिवार्यता,
- उपसंहार

OR

**मेरे जीवन का आदर्श** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 200 से 250 शब्दो में निबंध लिखिए।

- नाम व परिचय
- उनका व्यक्तित्व
- छात्रों को सहयोग

- उपसंहार।

12. नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन की जाँच मशीन पर एक यात्री के भूलवश छूटे एक लाख बीस हजार रुपए को मेट्रो पुलिस ने उसे लौटा दिया। इस समाचार को पढ़कर तो विचार आपके मन में आते हैं उन्हें किसी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र के रूप में लिखिए। **[5]**

OR

आप विद्यालय में शुरू हो रही कम्प्यूटर कक्षाओं में शामिल होना चाहते हैं। इसके लिए आपको रुपये 1500 जमा करने हैं। कम्प्यूटर के लाभ बताते हुए पिताजी से पैसे मँगवाने के लिए पत्र लिखें।

13. आपको आवश्यकता है कुछ टीचर्स की जो हाईस्कूल कक्षाओं में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ा सकें। उचित विज्ञापन तैयार करे | **[5]**

OR

आपको दुकान पर काम करने वाले लड़कों की आवश्यकता है। इस हेतु विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए।